**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांकः 24.03.2026** **समय : 09:00 ए.एम.**

- **केन्द्र सरकार ने आश्वस्त किया है कि देश में सभी तेल शोधन संयंत्र पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे है।**
- **राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड आज 10वीं, 8वीं और 5वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी करेगा।**
- **टीबी महामारी को पूरी तरह खत्म करने की प्रतिबद्धता के साथ आज विश्व क्षय रोग दिवस मनाया जा रहा है।**
- **प्रदेश में आने वाले दिनों में एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सकिय होने के आसार–आंधी बारिश की गतिविधियां जारी रहने का पूर्वानुमान।**

00000

केन्द्र सरकार ने आश्वस्त किया है कि देश में सभी तेल शोधन संयंत्र पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया पर अंतर–मंत्रालय ब्रीफिंग में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि 50 प्रतिशत वाणिज्यिक एलपीजी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए उपलब्ध है। राज्य सरकारों से गैस की कालाबाजारी को रोकने के लिए लगातार अनुरोध किया जा रहा है–

.....

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया है कि सभी 22 जहाज और छह सौ भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 48 घंटों में 34 लोगों को वापस लाया जा चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस्राएल में सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं।

.....

अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर सैन्य हमले स्थगित करने के ताजा बयान पर श्री जायसवाल ने कहा कि मंत्रालय इन घटनाओं पर बारीकी से नजर रखे हुए है।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, गैस और खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। मुख्यमंत्री निवास पर कल हुई एक उच्चस्तीरय बैठक में श्री शर्मा ने अधिकारियों को अवैध भण्डारण, जमाखोरी और कालाबाजारी करने पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एलपीजी संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 181, 112 और 14435 हैल्पलाइन नम्बर 24 घंटे काम कर रहे है। उन्होंने इन हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। श्री शर्मा ने सिटी गैस वितरण नेटवर्क के विस्तार में तेजी लाने और अस्पतालों, होटल, रेस्टोरेन्ट को नेचुरल गैस अपनाने के लिए प्रेरित किया।

0000

कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कल महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉकों की नीलामी के सातवें चरण का शुभारंभ किया। इसमें स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकी, उर्वरक और रक्षा जैसे क्षेत्रों में खनन को बढ़ावा देने के लिए कई राज्यों के 19 ब्लॉक हैं। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा है कि विकास, पर्यावरण स्थिरता और तकनीकी उन्नति के लिए महत्वपूर्ण खनिज जरूरी हैं।

0000

रेलवे ने रेवाडी से जयपुर वाया नीमराणा नई रेल लाईन के फाइनल लोकेशन सर्वे को मंजूरी दे दी है। 191 किलोमीटर लम्बी इस नई रेल लाईन के सर्वे के लिए 5 करोड़ 73 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। ये रेल लाईन रेवाडी को नीमराणा जयपुर और आसपास के क्षेत्र से जोडेगी। इससे रोजगार, व्यापार, कृषि और स्थानीय उद्योगों के लिए नये परिवहन का विकल्प उपलब्ध होगा।

0000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड आरबीएसई की दसवीं, आठवी और पांचवी बोर्ड परीक्षा के नतीजे आज जारी होंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और बोर्ड प्रशासक, संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ अजमेर स्थित बोर्ड कार्यालय से ये परिणाम घोषित करेंगे। बोर्ड सचिव ने बताया कि पहली बार 10वीं कक्षा का परिणाम 12 वीं से पहले मार्च महीने में जारी किया जा रहा है। पहले ये रिजल्ट मई–जून में जारी होते थे। उन्होंने बताया कि

10वीं बोर्ड परीक्षाएं 28 फरवरी को समाप्त हुई थी और 23 दिन बाद ही नतीजे घोषित हो रहे है। परीक्षा में कुल 10 लाख 68 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

0000

श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी अशोक सिंह को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 40 हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि आरोपी अधिकारी एक फर्म को काम पूरा होने पर एनओसी जारी करने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। परिवादी की शिकायत के बाद ट्रैप की ये कार्यवाही की गई। उधर भरतपुर जिले के रूपवास में पुलिस विभाग में तैनात सहायक उप निरीक्षक प्रवीण कुमार को एसीबी ने 12 हजार रूपये की घूस लेते कल गिरफ्तार किया। उसने परिवादी के भाई के खिलाफ दर्ज मुकदमे से नाम हटाने की एवज में ये राशि मांगी थी।

0000

आज विश्व क्षय रोग दिवस है। पूरी दुनिया में टीबी महामारी को काबू करने और इसके उन्मूलन के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए ये दिन मनाया जाता है। इस साल की थीम '**हां हम टीबी को खत्म कर सकते है**' रखी गई है। वर्ल्ड टीबी डे की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि **टीबी मुक्त भारत अभियान** ने शीघ्र निदान का विस्तार करने, निशुल्क उपचार सुनिश्चित करने, पोषण संबंधी सहायता को मजबूत करने और रोगी की देखभाल में सुधार करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। विश्व टीबी दिवस के मौके पर प्रदेश में टीबी मुक्त पंचायतों को सम्मानित करने, जागरूकता अभियानों और निक्षय मित्रों को मान्यता देने वाले कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

0000

प्रदेश में मार्च महीने में आंधी बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य में पिछले चार दिनों से आंधी बारिश का दौर देखने को मिल रहा है। बीते 24 घंटों में जयपुर, अजमेर, कोटा, अलवर जोधपुर भरतपुर दौसा और डीडवाना सहित कई स्थानों पर बारिश हुई। वहीं बालोतरा में ओले भी गिरे। इससे अधिकतर स्थानों पर तापमान में 1 से 6 डिग्री तक की गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में राज्य में एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेंगे। इससे कई जगह हल्की बारिश हो सकती है। 26 और 27 मार्च से सक्रिय हो रहे नये पश्चिमी विक्षोभ से पूर्वी और उत्तरी भागों में हल्की बारिश की संभावना है।

.....

0000